दो अक्षर का नाम हैं राधा ।। श्री राधा स्तुति ।।

दो अक्षर का नाम हैं राधा,
जपते ही हट जाती बाधा,
राधा बिना तो सब कुछ आधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

राधा राधा जो भी गाता ,
श्याम की भक्ती वो पा जाता,
राधा बिना तो श्याम भी आधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

बरसाने की ऊंची अटारी,
रहती हैं राधा जी प्यारी,
वृषभानु की लाडो राधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

भक्तों को सुख देने वाली,
राधा जी बरसाने वाली,
प्रेम सभी से करती राधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

सच्चे मन से जो भी ध्यावे,
राधा जी बरसाना बुलावे,
दर्शन सबको देती राधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

दर पे इसके जो भी जाता,
बिन मांगे सब कुछ हैं पाता,
सबके संकट हरती राधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

राधा नाम अमृत का प्याला,
भक्तों का जीवन रखवाला,
सबको भक्ती देती राधा,
जप ले राधा, रट ले राधा,

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34676/title/do-akshar-ka-naam-hai-radha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |